# 29 जुलाई, 2016 अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन



29 जुलाई, 2016 अंर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं वन विभाग के द्वारा आमजनों के बीच जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन/संदेश प्रकाशित करने के साथ–साथ पटना शहर के निम्नलिखित 14 स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये है –

**स्थल का नाम** :– डाकबंगला चौराहा/मौर्यालोक, कॉम्पलेक्स/पटना हवाई अड्डा/गाँधी मैदान (सरकारी बस डिपो के पास)/एस०के०पुरी पार्क/लोहिया पार्क (कंकड़बाग)/श्री कृष्णा नगर पार्क /पाटलिपुत्रा गोलम्बर/बुद्धा स्मृति पार्क/इको पार्क/गाय घाट (गाँधी सेतु के नीचे)/पटना सिटी गुरुद्वारा/पी० एण्ड मॉल/पटना रेलवे स्टेशन

इन स्थलों पर बाघ के गेट अप में एक आदमी संध्या 04.30 से 06.30 के बीच एक सहायक के साथ उपस्थित रहेगा। बाघ के द्वारा लोगों से बातचीत की जायेगी एवं एक हैण्डबिल दिया जायेगा जिसमें पाँच प्रश्नों की एक प्रश्नावली होगी। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। इन प्रश्नों का उत्तर कोई भी व्यक्ति दिनांक 29.07.2016 को 12 बजे रात्रि तक निर्धारित मोबाईल नम्बर 7546811116 पर एस०एम०एस० द्वारा उत्तर भेज सकता है। सही जवाब देने वाले व्यक्तियों को विभाग द्वारा पुरस्कार दिये जायेगे। जिससे संबंधित ब्यौरा निम्नवत् हैः–

(क) दो बम्पर पुरस्कार होगें। पुरस्कार जीतने वाले को उनके परिवार सहित (अधिकतम 5 व्यक्ति) विभाग के खर्च पर पटना से बाल्मीकि ब्याघ्र आरक्ष, पश्चिम चम्पारण ले जाया जायेगा एवं उन्हें दो दिन एवं एक रात्रि विभागीय विश्रामागार में ठहराया जायेगा। साथ ही उन्हें वन भ्रमण कराया जायेगा एवं वापस पटना लाया जायेगा। भ्रमण की तिथि विभाग द्वारा निश्चित की जायेगी।

(ख) साथ ही अतिरिक्त 5 पुरस्कार भी दिया जायेगा। पुरस्कार पाने वाले व्यक्ति को उनके परिवार सहित (अधिकतम 5 व्यक्ति) किसी भी तिथि को संजय गाँधी जैविक उद्यान में सभी जगह निःशुल्क भ्रमण की सुविधा होगी।

(ग) पुरस्कार हेतु चयन लॉट्री के माध्यम से किया जायेगा।

(घ) लॉट्री अधिकतम समान अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के बीच होगा।

(ड.) पुरस्कार जीतने वाले प्रतिभागियों को सूचना उनके मोबाईल नम्बर पर दी जायेगी।